अंतरराष्ट्रीय गोष्ठी में की सामयिक विषयों पर चर्चा

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) सभागर में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ड्रग डिजाइन और डिस्कवरी स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण, आर्टिफिशियल इंलैलिजेंस, शोध एवं नवाचार, डिजिटल ग्रीन कृषि जैसे वैश्विक स्तर के समसामयिक विषयों पर चर्चा की गयी।

गोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि संगोष्ठी का आयोजन वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि, ग्लोबल मैनेजमेंट फोरम और ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के साझा प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में विकसित हो रहे वैश्विक रुझान के आधार पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी रुपी विचार मंथन में

वैश्विक स्तर के समसामयिक विषयों पर चर्चा की

देश-विदेश से 52 शोधपत्रों के प्रतिभागियों का कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने स्वागत किया

निश्चित रूप से अमृत निकलेगा।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा में हो रहे परिवर्तनों के दृष्टिगत उपचार के लिए तैयार करने को जीनोमिक्स और डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाया जा रहा है। गोष्ठी में देश-विदेश से 52 शोधपत्रों के प्रतिभागियों का तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने स्वागत किया।

गोष्ठी में वैज्ञानिक प्रो.सोनिया नित्यानंद कुलपति किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, प्रो.ओंकार सिंह कुलपति विवि, स्विटजरलैंड से हेल्थ इकोनॉमिस्ट और बिजनेस डेवलॉपमेंट एक्सपर्ट डा.ओमकर साका, अमेरिका से प्रो.गुंडा जॉर्ज, डा.ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।